52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 6.0 °c | अधिकतम 19.9 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:14 सूर्यास्त-5:40 | वर्ष : 52/ अंक : 12 | रविवार, 12 जनवरी 2025 | पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

अपने आज को यह सोचकर मत बर्बाद कीजिए कि मेरे पास में बहुत सारे कल है।

अखिलेश 2027 छोड़ दें, 2047 के बारे में भी न सोंचें, पीडीए तो परिवार डेवलपमेंट एजेंसी है : केशव प्रसाद मौर्य

सोच पर लगती नहीं हैं दोस्तो पाबंदियाँ.....

संगीत का सुलगता बयान, बोले-वक्फ है आतंकी बोर्ड

▶ अखिलेश यादव पर भी साधा निशाना, बोले-बाबर के वंशज अब दोबारा नहीं आएंगे ▶ मुसलमान भी जा सकते हैं महाकुम्भ, पहले गंगा स्नान करें, फिर शिव चरणों में सिर नवाएं, उसके बाद जहां चाहें दुकान लगाएं

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बु.)। सरधना के पूर्व विधायक और विवादित बयानों के लिए चर्चित संगीत सोम रामलला की प्रथम वर्षगांठ पर मुजफ्फरनगर पहुंचे और फिर एक बार बेबाक बयान दे डाले। संगीत सोम से जब मीडिया ने सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि वह पूरे देशवासियों को उस राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ की पूरे देश के साथ-साथ मुजफ्फरनगर को बहुत-बहुत बधाई, जो उन्होंने इतना खूबसूरत आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि हमारे ही बीच में रूप धरकर रह रहे गद्दारों की वजह से हमें 500 साल बाद मंदिर वापस मिला है। महाकुंभ पर जब मुसलमान के जाने की बात उनसे पूछी गई, तो उन्होंने कहा कि किसने कहा है कि मुसलमान का जाना माना है? मुसलमान जायें पहले कुंभ में गंगा मां का स्नान करें, भगवान शिव के समक्ष माथा टेकें, उसके बाद जहां भी दुकानें या स्टाल लगाना चाहें लगा लें, कोई मना नहीं करेगा। वक्फ बोर्ड की जमीनों पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि यह कोई पाकिस्तान नहीं है, जो यहां वक्फ बोर्ड की संपत्ति होगी, यह सनातन का देश है, जितनी भी संपत्ति है सब सनातन की है। वक्फ बोर्ड आतंकियों, माफियाओं और गुंडों का एक गिरोह है, उससे ज्यादा कुछ नहीं है। मुजफ्फरनगर आए संगीत सोम ने अखिलेश यादव पर भी जबरदस्त हमला बोला और कहा कि उनके पिता ने राम भक्तों पर गोलियां चलवाई थी और अखिलेश यादव ने साधु संतों पर, मगर अब मुगालते में न रहें। बाबर के वंशजों की अब बिल्कुल भी वापसी नहीं होगी। संजीव बालियान द्वारा दिए गए बयान अफसर कर रहे हैं भ्रष्टाचार पर उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म हो चुका है और जो हो भी रहा है, उन भ्रष्टाचारी अफसरों पर योगी सरकार लगातार कार्यवाही कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। साथ ही साथ अपराधियों का भी खात्मा हो रहा है। पिछले 50 सालों में न तो ऐसी सरकार आई है और ना आएगी। योगी की सरकार सर्वोत्तम सरकार है। मीडिया के लोगों ने थानाभवन के विधायक राव अब्दुल वारिस के किले को वापस लेने की बात पर उन्होंने कहा कि जब मुगल आक्रांता आए थे, तो उन्होंने किलों पर ही नहीं मंदिरों पर भी कब्जा किया था। वह किला भी वापस ले लिया जाएगा।

उत्तेजित स्टेटस लगाने को लेकर दो पक्ष भिड़े, फायरिंग

▶ मंडावर का मामला, तीन लोगों को लगी गोली, हायर सेंटर रेफर ▶ मारपीट में एक अन्य व्यक्ति भी हुआ घायल

कैराना, 11 जनवरी (बु.)। जमीनी विवाद के चलते सोशल मीडिया एकाउंट पर उत्तेजित एवं धमकी भरे स्टेटस लगाने को लेकर मंडावर गांव में दो पक्षों में टकराव हो गया। उनमें मारपीट हुई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिसमें चाचा—भतीजा गोली लगने से घायल हो गए। उनके परिवार का एक अन्य व्यक्ति भी मारपीट में घायल हुआ। दूसरे पक्ष के भी एक युवक को छर्रे लगे हैं। घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से तीन घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। गांव मंडावर में उमरा और रिहान पक्ष के लोगों का जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी बीच सोशल मीडिया अकाउंट पर

शेष - पृष्ठ-4 पर

आरोपी पक्ष का वीडियो हुआ वायरल

कैराना, 11 जनवरी (बु.)। फायरिंग की घटना के बाद सोशल मीडिया अकाउंट के स्टेटस पर लगाई गई कुछ वीडियो भी वायरल हुई है। वीडियों में दर्जनों युवक यमुना नदी क्षेत्र में खड़े हैं, जिनके हाथों लाठी—डंडे भी नजर आ रहे हैं। वीडियो पर सॉन्ग लगाया गया है। ये वीडियो रिहान पक्ष के लोगों की बताई जा रही है। वहीं, एक अन्य धमकी भरे और उत्तेजित वीडियो में खुद रिहान भी दिख रहा है।

पूर्व में फायरिंग प्रकरण में भी आरोपी है रिहान

कैराना, 11 जनवरी (बु.)। अगस्त 2024 में गांव मंडावर में प्रधान पद का उपचुनाव हुआ था। परिणाम आने के बाद शाम के समय गांव में एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष पर फायरिंग की गई थी। मामले में महिला ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ और फायरिंग कर जानलेवा हमले में उक्त रिहान सहित दस नामजद और तीन अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। अब पुनः फायरिंग की घटना को इसी रंजिश को लेकर भी देखा जा रहा है।

मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों में चले धारदार हथियार

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बु.)। मुजफ्फरनगर क्षेत्र के रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव भनवाड़ा में मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में कई पुरुष व महिलाएं घायल हो गए, जिन्हें बुढ़ाना अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी और कहासुनी ने इतना बड़ा रूप ले लिया कि दोनों पक्षों के बीच सिर्फ लाठी डंडे ही नहीं तबल और धारदार हथियार भी चलाए गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले को नियंत्रित कर घायलों को तत्काल बुढ़ाना अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि उन पर दबाव बनाकर मामले में फैसला कराने की कोशिश की जा रही है, जिससे पीड़ित पक्ष में आक्रोश पनप रहा है। घटना के बाद से क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ था। तनाव को देखते हुए पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी।

दिल्ली शराब नीति पर CAG रिपोर्ट : सरकार को 2026 करोड़ का नुकसान

▶ केजरीवाल सरकार ने फैसलों पर राज्यपाल की नहीं ली मंजूरी

नई दिल्ली, 11 जनवरी (वार्ता) । भारतीय जनता पार्टी के नेता अनुराग ठाकुर ने शनिवार को दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करके मीडिया को बताया कि अअढ की शराब नीति से सरकार को 2026 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है।

विधानसभा चुनाव से 25 दिन पहले दिल्ली में शराब नीति को लेकर CAG (कंप्ट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया) की रिपोर्ट लीक हुई है। इसमें सरकार को 2026 करोड़ रुपए के राजस्व का होने की बात कही गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि शराब नीति में काफी गड़बड़ियां थीं, जिनमें लाइसेंस देने में खामी भी सम्मिलित है। इसके साथ ही आप नेताओं को कथिततौर पर घूस के जरिए फायदा भी पहुंचाया गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि डिप्टी चीफ मिनिस्टर जिस ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की अगुआई कर रहे थे, उसने एक्सपर्ट पैनल के सुझावों को भी खारिज कर दिया था। कैबिनेट ने नीति को मंजूरी दे दी थी और कई अहम फैसलों पर तब के उप-राज्यपाल की मंजूरी भी नहीं ली गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, शिकायतों के बावजूद सभी को नीलामी की बोली लगाने की मंजूरी दे दी गई थी। जिन्हें घाटा हुआ था, उन्हें भी लाइसेंस दे दिए गए या रिन्यू कर दिए गए थे। CAG रिपोर्ट को अभी दिल्ली विधानसभा में रखा जाना है। दिल्ली में 2021 में नई शराब नीति लागू की गई थी। इसमें लाइसेंस आवंटन को लेकर कई सवाल खड़े हुए। नीति वापस लेनी पड़ी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। उक्त प्रकरण में दोनों जेल भी गए। भ्रष्टाचार के आरोप के चलते दोनों को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा। वर्तमान में दोनों आप नेता जमानत पर बाहर हैं।

दिल्ली चुनाव को लेकर भाजपा ने जारी की दूसरी सूची, करावल नगर से कपिल मिश्रा को टिकट

नई दिल्ली, 11 जनवरी (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने शनिवार रात को 29 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने कपिल मिश्रा को करावल नगर से टिकट दिया है। भाजपा ने अब तक 58 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। नरेला से राज करण खत्री, तिमारपुर से सूर्य प्रकाश खत्री, मुंडका से गजेंद्र दराल, किराड़ी से बजरंग शुक्ला, सुल्तानपुर माजरा (अजा) से कर्म सिंह कर्मा, शकूर बस्ती से करनैल सिंह, त्रि नगर से तिलक राम गुप्ता, सदर बाजार से मनोज कुमार जिंदल, चांदनी चौक से सतीश जैन, मटिया महल से दीप्ति इंदौरा, बल्लीमारा से कमल बागड़ी, मोती नगर से हरीश खुराना, मादीपुर (अजा) से उर्मिला कैलाश गंगवाल, हरिनगर से श्याम शर्मा, तिलक नगर से श्वेता सैनी, विकासपुर से पंकज कुमार सिंह, उत्तम नगर से पवन शर्मा, द्वारका से प्रद्युम्न राजपूत, मटियाला से संदीप सहरावत, नजफगढ़ से नीलम पहलवान, पालम से कुलदीप सोलंकी, राजिंदर नगर से उमंग बजाज, कस्तूरबा नगर से नीरज बसोया, तुगलकाबाद से रोहतास बिधूड़ी, ओखला से मनीष चौधरी, कोंडली (अजा) से प्रियंका गौतम, लक्ष्मी नगर से अभय वर्मा, सीलमपुर से अनिल गौड़, करावल नगर से कपिल मिश्रा।

कन्नौज : निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन पर हादसे में दबे चालीस मजदूर

कन्नौज 11 जनवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश के कन्नौज रेलवे स्टेशन पर शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां दो मंजिला निर्माणाधीन स्टेशन का लेंटर अचानक ढह गया। मलबे में 40 से ज्यादा मजदूर दब गए। स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत दो मंजिला नई बिल्डिग बन रही थी। शनिवार सुबह लेंटर डालने का काम चल रहा था, तभी अचानक पूरा लिटर ढह गया। यूपी सरकार के मंत्री असीम अरुण भी मौके पर पहुंचे हैं। डीएम सुभ्रांत कुमार शुक्ला और एसपी बिनोद कुमार, सीओ सिटी घटनास्थल पर मौजूद हैं। कानपुर जोन के आईजी जोगेंद्र सिह भी कन्नौज रेलवे स्टेशन पहुंच गए हैं। अब तक 23 घायल जिला अस्पताल पहुंचाए गए हैं। इनमें से 7 को राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर किया गया है। हादसे के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। घायलों को ई-रिक्शे से अस्पताल ले जाया गया। सीनियर अफसरों ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। एक जेसीबी और 3 गाड़ी फायर ब्रिगेड की मौके पर रेस्क्यू में जुटी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कन्नौज में हुए हादसे का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंच कर राहत काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस कांस्टेबल की चाइनीज मांझे से गर्दन कटने से मौत

शाहजहांपुर 11 जनवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को बाइक से ड्यूटी जा रहे पुलिस कर्मी की चाइनीज मांझे से गर्दन कटकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।पुलिस अधिकारी ने घटना की जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने शनिवार को यूनीवार्ता को बताया कि पुलिस लाइन में तैनात शाहरुख हसन (25) बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे तभी कोतवाली क्षेत्र के अजीजगंज में चाइनीज माझा उनकी गर्दन में फंस गया जिससे उनकी गर्दन में गहरा जख्म हो गया और जमीन पर गिर गए।राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल कांस्टेबल को मेडिकल कालेज उपचार के लिए ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि कांस्टेबल शाहरुख हसन की चाइनीज मांझे से गर्दन कटने से मौत की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिह भी मौके पर पहुंचे। मृतक कांस्टेबल शारूख हसन अमरोहा के रहने वाले है। इस समय पुलिस लाइन में तैनात थे। उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिह ने बताया कि चाइनीज मांझे पर पहले से ही पूर्णतया प्रतिबंध लगा है, लेकिन इसके बावजूद लोग चाइनीज मांझे का इस्तेमाल पतंग उड़ाने में कर रहे है जोकि जानलेवा साबित हो रहा है। घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और चाइनीज मांझे की बिक्री करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

किसी भी प्रकार की
मैडिकल इमरजेंसी
(24x7)
के लिए तुरन्त
आयें–
एस.के.बी.
आरोग्यम्
सुपर स्पेशलिटी हैल्थकेयर (हॉस्पिटल) एवं डायग्नोस्टिक सैन्टर
निकट स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल
जानसठ रोड, मुज़फ़्फ़रनगर
7300740070, 7300740072
9259537823, 8791857001
Follow us on
www.skbaarogyam.com

मुजफ्फरनगर में राम मंदिर योद्धाओं का हुआ सम्मान

- संयुक्त हिंदू मोर्चा ने किया आयोजन, तलवार और कृपाण की गई भेंट

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बुस.)। श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर संयुक्त हिंदू मोर्चा ने रामजन्म भूमि आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले योद्धाओं को श्रीराम मंदिर योद्धा पुरस्कार से सम्मानित किया। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन शहर के एक बैंकट हॉल में किया गया, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में इन धर्म योद्धाओं को हिंदू धर्म के प्रतीक चिन्ह तलवार, शॉल और प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा हिंदुत्व के लिए कार्य करने वाले अन्य कई लोगों को भी तलवार देकर सम्मानित किया गया, जबकि महिला कार्यकर्ताओं को कृपाण भेंट की गई। संयुक्त हिंदू मोर्चा के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज सैनी ने इस दौरान कहा कि तलवार हमारा एक धार्मिक चिन्ह है। इसे देकर हमने योद्धाओं का अभिनंदन किया है। साथ ही ये संदेश भी दिया है कि अधर्म के नाश और धर्म की रक्षा के लिए शस्त्रधारी होना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा समाज को स्पष्ट संदेश है कि धर्म की रक्षा के लिए शस्त्रों से परहेज न करें। कार्यक्रम में वक्ताओं ने रामजन्म भूमि आंदोलन की महत्ता पर प्रकाश डाला और धर्म की रक्षा के लिए एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया। इस आयोजन ने हिंदू समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक जागरूकता को नई ऊर्जा दी है। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों सहित विभिन्न समुदायों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और इसे सफल बनाया।

नाराज साली ने अपने जीजा को व्हाट्सएप पर ऑडियो भेजकर धमकाया

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बु.)। बहन से कोर्ट मैरिज को लेकर नाराज साली ने अपने जीजा को व्हाटसएप पर ऑडियो भेजकर धमकाया है। गाली-गलौज करते हुए जाति सूचक शब्द कहे हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुभाष निवासी अनूप कुमार ने खालापार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसने वर्ष 2015 में रंगाना की सोनिया से कोर्ट मैरिज कर ली थी।

बागपत में रहने वाली सोनिया की बहन मोनिका उपाध्याय इस रिश्ते से नाखुश है। आरोप है कि आरोपी बहन ने उसके व्हाटसएप पर गाली-गलौज करते हुए धमकी भरी ऑडियो भेजी है। जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए धमकी दी है। पीड़ित ने सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

शहीद भगत सिंह सेवा दल रजि. ने लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया

- प्यार और भाईचारे से मिलकर नफरत तथा दुखों को दहन कर देने का नाम ही लोहड़ी पर्व है : अंकुर दुआ

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बुस.)। पंजाबी सभ्याचार से रूबरू लोहड़ी पर्व शहीद भगत सिंह सेवा दल द्वारा गांधी कालोनी स्थित स्पाईस विला रेस्टोरेंट में बड़ी धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में बोलते हुये मुख्य अतिथि अंकुर दुआ ने सर्वप्रथम मुक्तकंठ से कार्यक्रम की सराहना की तथा सेवादल की पूरी टीम को नववर्ष 2025 व लोहड़ी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि लोहड़ी पर्व सौहार्द तथा रिश्तों की मिठास का पर्व है। प्यार और भाईचारे से मिलकर नफरत तथा दुखों को दहन कर देने का नाम ही लोहड़ी पर्व है। सेवादल के संरक्षक अशोक बाठला ने सभी को एकजुट रहने का सन्देश दिया तथा सेवादल द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा कर टीम की पीठ थपथपाई। इसके बाद इसी अवसर पर बोलते हुये सेवा दल के चेयरमैन चौ. नरेश अरोरा, अध्यक्ष राकेश ढींगडा, महामंत्री विकास कुमार अरोरा व कोषाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से सेवादल के पिछले वर्ष के कार्यों की समीक्षा करते हुये बताया कि सेवा दल द्वारा मैडिकल कैम्प, नगर कीर्तन का स्वागत व प्रसाद वितरण भगत सिंह जी का जन्म दिवस, बलिदान दिवस व दशहरा ग्रांउड पर जलसेवा आदि सामाजिक कार्य किये। इसी तर्ज पर अपने सभी सदस्यों से तन-मन-धन से सामाजिक कार्यों में जुड़े रहने पर जोर दिया। तत्पश्चात कार्यक्रम का सफल संचालन कर मुकुल दुआ ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये तथा लोहड़ी का प्रिय गीत सुन्दर, मुन्दरिये गाकर सुनाया। सभी ने तालियां बजा कर उनका उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात सेवादल परिवार मे कुछ नये सदस्यों का स्वागत किया गया व शपथ दिलाई गई, जिसमे दिनेश ढींगड़ा, अरूण सपरा, देव चावला (रूप मिलन) गौरव ढींगड़ा व राजीव अरोरा (गणपति टिम्बर) ने सेवा दल की सदस्यता ली। कार्यकम में सहयोगी संस्थायें युवा पंजाबी संगठन, एमरॉल्ड क्लब, शहीद बाबादीप सिंह जी यूथ फाउन्डेशन व समर्पित युवा समिति के पदाधिकारियों ने कार्यकम में हिस्सा लिया तथा इनका स्वागत माला पहना कर सेवादल की टीम द्वारा किया गया। उसके बाद मुख्य अतिथि अंकुर दुआ, विशिष्ठ अतिथि भाजपा नेता शरद शर्मा, संरक्षक अशोक बाठला व राजकिशन बाठला तथा सेवा दल के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने लोहड़ी को अग्नि देकर मूंगफली-रेवड़ी का प्रसाद वितरित करते हुये लोहड़ी के चारों तरफ भांगड़ा डालकर, ढ़ोल-नगाड़ों की थाप पर नाच कर धूमधाम से पर्व मनाया व एक साथ मिलकर रात्रि भोज करके कार्यक्रम का समापन किया, जिसमें मुख्य रूप से मुख्य अतिथि अंकुर दुआ, चौ. नरेश अरोरा, राकेश ढींगड़ा, विकास कुमार अरोरा, स. दीव प्रीत सिंह हन्नी, आशीष यादव, अशोक बाठला, राजकिशन बाठला, स. हन्नी सिह सेखो, राजेश कुमार बब्बल, नीरज डाबर, अखिल तागरा, सागर वत्स, यशपाल सेठी काका, विनय अरोरा एडवोकेट, विक्की बाठला, गिरिश गाबा, राकेश दहूजा, ओमी छाबड़ा, पवन छाबड़ा, विजय गिरधर, संजय बाठला, जोगेन्द्र ग्रोवर, अजय वर्मा, नितेश बक्शी, नवनीत लौ. सं. लक्की मुंजाल, अमित तरीका, रिंकू बाठला, अमित अरोरा, अरूण सपरा, देव चावला, हितेश आन्नद, कृष्ण ठकराल, मनोज अरोरा, नितिन गाबा, राजकुमार वर्मा, शाश्वत अरोरा, सुशील कपूर, योगेश कालरा अमित पटपटिया (सभासद), नीरज मुंजाल, अनिल अरोरा, टोनी खुराना, ईश जुनेजा, हरजिन्दर सीरा, गुरजीत सिंह सहानी, जसप्रीत हनी, शम्मी सिंह आदि संख्या में सेवादल के सदस्य मौजूद रहे।

डीएम की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बुस.)। विगत दिवस विकास भवन सभागार में डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएम ने कहा कि 24-25 और 26 जनवरी को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर विभिन्न विभागों द्वारा नुमाइश मैदान में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग के अधिकारी उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 24 जनवरी-25 जनवरी और 26 जनवरी 2025 में कार्यक्रमों के आयोजन हेतु अपनी तैयारी समय से पूर्ण कर लें। डीएम उमेश मिश्रा ने डीपीआरओ एवं ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए कि इस अवसर पर साफ-सफाई की उचित व्यवस्था रखी जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। बैठक में कार्यक्रमों के आयोजन हेतु रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया, अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, सभी उप जिलाधिकारी, सहित संबंधित विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

किसान सम्मान निधि की फार्म रजिस्ट्री है बंद, नहीं चल रही है साईट, कृषक खा रहे हैं धक्के

बुढ़ाना, 11 जनवरी (बु.)। किसान सम्मान निधि प्राप्त करने की प्रकिया को ग्रहण लग गया है। साइट कई दिनों से बंद है। किसान तहसील परिसर में धक्के खा रहे हैं। दूसरी ओर गांव चंधेडी के कृषक धर्मपाल सिंह ने बताया कि उसके द्वारा अपनी भूमि फर्द में नाम संशोधन कराने के लिए दिए गए प्रार्थना पत्र को तहसीलकर्मियों ने ही गायब कर दिया। उसने अपनी खतौनी में नाम संशोधन कराने के लिए बीती 07 जनवरी को बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव को एक प्रार्थना पत्र दिया था। जब बीते दिन भी उसमें कोई कार्यवाही नहीं हुई, तो किसान ने तहसीलदार से उसका कारण पूछा। तब तहसीलदार ने कानूनगो से प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही की जानकारी मांगी।

काफी जानकारी करने के बाद भी तहसीलदार को दिया गया प्रार्थना पत्र दफ्तर से गायब मिला। उसके बाद तहसीलदार ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियो को तलब किया और कड़े लहजे में उनसे प्रार्थना पत्र की जानकारी मांगी। तब भी प्रार्थना पत्र का पता नहीं चल पाया। उसके बाद उन्होंने अपने पेशकार को बुलाया तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए किसान से दूसरा प्रार्थना पत्र लेकर नए सिरे से खतौनी में नाम संशोधन करने के विशेष आदेश दिए। किसान ने ये भी बताया कि किसान सम्मान निधि में किसान फार्म रजिस्ट्री को लेकर पिछले 15 दिनों से तहसील परिसर के अंदर चक्कर काट रहे हैं। साइट बिजी चल रही है। साइट पर किसानों की फॉर्म रजिस्ट्री तथा टेक्निकल मिस्टेक के संबंध में बुढ़ाना तहसीलदार से बात की गयी, तो उन्होंने बताया कि यह राष्ट्रीय साइट है। बिजी होना स्वाभाविक है। फिर भी प्रयास किए जा रहे हैं कि साइट पर जल्द ही कार्य शुरू हो। किसानों को इससे घबराने की जरुरत नहीं है, क्योंकि इसकी समाप्ति की अभी कोई भी तिथि नहीं आई है।

ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस हर्षोल्लास से संपन्न

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बुस.)। ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी, हैड मिस्ट्रेस ममता चौहान, काउंसलर कंचन सोनी द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कक्षा 9 की छात्रा दीपांशी एवं अक्षित ठाकरान ने स्वामी विवेकानंद जी के संपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। इसके उपरान्त विभिन्न हाउस में से स्लोगन व कैरी कैचर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी कौशल प्रतिभा को दर्शाया। कक्षा 9 की छात्रा दिव्यांशी ने स्वामी विवेकानंद जी के मुख्य प्रेरणादाई प्रसंग को प्रस्तुत कर छात्र-छात्राओं में एक नई ऊर्जा का संचार किया। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य भारत के युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों और महान विचारों से अवगत कराना है। विवेकानंद जी की विचारधारा विशेष रूप से आज के युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं। प्रधानाचार्य आजाद वीर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को बताया कि उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए का संदेश देने वाले युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, समाज सुधारक युवा युग-पुरुष स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को ही विश्व युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन कुमारी हर्षित मिश्रा व विद्यालय की छात्राएँ अवनी सिंघल एवं मन्नत गर्ग के द्वारा हुआ। राष्ट्रगान के साथ इस कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

आपका आज का राशिफल

रविवार, 12 जनवरी, 2025

मेष- समस्याओं का संतोषजनक समाधान, स्वाध्याय की ओर रुझान, राजनैतिक क्रियाकलापों में संलग्नता, आवागमन में अनुकूलता, बकाए धन की प्राप्ति।

वृषभ- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, महत्वपूर्ण उपलब्धि में व्यवधान, मानसिक अशांति, वाहन से चोट-चपेट, दुर्घटना की आशंका, प्रतिष्ठा पर आघात।

मिथुन- बुद्धि-चातुर्य से कुछेक मसले हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, परोपकार की भावना जागृत, वैमनस्यता का समापन, विवाद समापन की ओर, भौतिक सुख।

कर्क- ग्रहयोग बेहतर, दाम्पत्य जीवन में उपस्थित व्यवधान समाप्त, नवसमाचार की प्राप्ति से खुशी, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, यात्रा सफल, कार्यक्षमता में वृद्धि।

सिंह- चिरवांछित कार्य बनने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, जीवन साथी से सहयोग, शांति।

कन्या- समय अशुभ, शारीरिक सुख में कमी, साझेदारी के व्यापार में हानि, आरोप प्रत्यारोप की स्थिति, शत्रु प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में कष्ट।

तुला- लाभ का सुयोग, आर्थिक स्थिति में सुधार, पराक्रम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनों का समापन, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, नवसमाचार की प्राप्ति।

वृश्चिक- योजना साकार होने की ओर, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, मनोवांछित सफलता का सुयोग, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, अध्यात्म आस्था।

धनु- भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने की ओर, उल्लासमय वातावरण, सुख के जरूरी साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों में रुचि।

मकर- व्यवधान से अशांति, व्यवसायिक असफलता, भौतिक सुख के साधन में कमी, स्वाध्याय के प्रति अरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, विवाद से अशांति।

कुम्भ- कठिनाइयों का निराकरण, सद्विचारों से आत्मिक शांति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, अपने स्तर को बनाये रखने में अधिक व्यय, परिवार में मंगलकृत्य सम्पन्न।

मीन- चिरवांछित कार्यों में सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, प्रभावशाली हस्तियों से अपेक्षित सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, धनागम का सुयोग।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

भाजपा के नवनियुक्त जिला प्रतिनिधि का स्वागत किया

मीरापुर, 11 जनवरी (बु.)। भाजपा द्वारा हाल ही में घोषित किये गए मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनधि की सूची में मीरापुर निवासी भाजपा नेता अभिषेक गर्ग को जिला प्रतिनधि बनाये जाने पर नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया। नवनियुक्त जिला प्रतिनिधि का नागरिकों ने फूल-मालाएं पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। शनिवार को मीरापुर निवासी भाजपा नेता अभिषेक गर्ग को जिला प्रतिनिधि बनाये जाने पर भाजपा नेता ब्रजपाल चौधरी के प्रतिष्ठान पर भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान नवनियुक्त जिला प्रतिनिधि अभिषेक गर्ग ने कहा कि पार्टी ने उन पर भरोसा जताकर उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह उस पर पूरी तरह से खरा उतरेंगे तथा पार्टी के प्रति पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी से काम करेंगे। इस दौरान मुख्यरूप से भाजपा नेता ब्रजपाल चौधरी, सुशील प्रजापति, अमित सैनी, आकाश रस्तौगी, मोनू शर्मा, गौरव भारती, पिन्टू चौधरी आदि मौजूद रहे।

चार बेटों की मां अपने ही घर में आश्रय लेने के लिए पुलिस से लगा रही गुहार

चरथावल, 11 जनवरी (बु.)। समाधान दिवस में पहुंची एक वृद्ध महिला ने बड़े बेटे व बहू पर जमीन कब्जाने व घर से निकालने का लगाते हुए तहरीर दी है। चार बेटों की मां आज अपने ही घर में आश्रय लेने के लिए पुलिस से गुहार लगा रही है। पुलिस ने बुजुंग महिला की तहरीर पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम मुथरा निवासी वृद्ध महिला प्रेमो ने दी तहरीर में बताया कि उसके चार बेटे हैं। वह सबसे छोटे बेटे में रहती है। उसने अपने बड़े बेटे व बहू पर चार बीघा जमीन व घर धोखे से कब्जाने एवं घर से निकालने का आरोप लगाया है। शनिवार को कड़ाके की ठंड में चरथावल थाने में समाधान दिवस में बुजुर्ग महिला ने पहुंच चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह से न्याय की गुहार लगायी। चरथावल थाना प्रभारी ने पीड़ित महिला को हर सम्भव न्याय दिलाने व दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

रिक्शा चालक को बाइक सवार ने मारी जोरदार टक्कर, रिक्शा चालक गम्भीर घायल

चरथावल, 11 जनवरी (बु.)। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम न्यामू-अकबरगढ़ मार्ग पर बाइक सवार ने ई-रिक्शा चालक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। राहगीरों ने घायल को उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से गम्भीर हालत के चलते जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। दरअसल मुजफ्फरनगर जनपद के थाना चरथावल क्षेत्र के ग्राम न्यामू-अकबरगढ़ मार्ग पर बाइक सवार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर लगने से ई-रिक्शा चालक राजवीर पुत्र सोलाल निवासी ग्राम न्यामू थाना चरथावल घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से गम्भीर हालत के चलते जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

वारंटी को किया गिरफ्तार

चरथावल, 11 जनवरी (बु.)। पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम सैद नगला से सड़क दुर्घटना के दर्ज मुकदमे में न्यायालय में पेंश न होने पर फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए वारंटी को जेल भेज दिया है। दरअसल मुजफ्फरनगर जनपद के चरथावल थानाक्षेत्र में थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में वारंटियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दधेडू चौकी प्रभारी संजय कुमार तोमर ने हेड कांस्टेबल सुशील कुमार के साथ मिलकर भाजपा क्षेत्र के ग्राम सैद नगला से वर्ष 2010 में दर्ज सड़क दुर्घटना के मुकदमें में न्यायालय में पेश न होने पर फरार चल रहे वारंटी शहजाद पुत्र इमरान निवासी सैद नगला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए वारंटी को जेल भेज दिया है।

डीएस पब्लिक स्कूल ने किया स्वामी विवेकानंद को नमन

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बुस.)। आज यहां डीएस पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा तथा कोऑर्डिनेटर संदीप दीक्षित सहित विद्यालय में उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय चेतना के पुंज स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं राष्ट्र चेतना के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों तथा उनके शिक्षा दर्शन के विषय में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया। स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए एवं उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन करते हुए स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने विद्यार्थियों से कहा कि स्वामी विवेकानंद का पूरा जीवन राष्ट्रीय चेतना एवं आध्यात्मिकता का सूर्य बनकर भारतीयों को प्रेरित एवं जागृत कर रहा है। उनका उद्घोष उठो जागो एवं तब तक विश्राम न करो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए लक्ष्य की सफलता के लिए सबसे बड़ा एवं पवित्र सूत्र वाक्य माना जाता है। स्वामी विवेकानंद भारतीय धर्म, संस्कृति एवं आध्यात्मिकता के ध्वजवाहक तथा शिखर पुरुष के रूप में हमेशा भारतीयों के हृदय में बसे रहेंगे। वह एक विद्वान संत, ओजस्वी वक्ता, समाज सुधारक, शिक्षा तथा आध्यात्मिक एवं राष्ट्रीय चेतना के नायक के रूप में हमेशा हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। स्कूल कोऑर्डिनेटर संदीप दीक्षित ने भी ओजस्वी वक्ता एवं युवा चेतना तथा प्रेरणा के सूर्य स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद की विद्वत्ता एवं उनके ओजस्वी उद्बोधों के विषय में विस्तार से बताया। शिकागो में उनके द्वारा विश्व धर्म सम्मेलन में दिया गया संभाषण आज भी विश्व के श्रेष्ठ संभाषणों में से गिना जाता है। उनके द्वारा कहे गए शब्द मेरे प्यारे अमेरिकी भाइयों और बहनों ने अमेरिका वीडियो पर ऐसा जादू कर दिया था कि वह हिंदू धर्म आध्यात्मिकता एवं भारतीय संस्कृति को और अधिक गंभीरता से जानने समझने के लिए हो गए। उनसे प्रेरणा लेकर बहुत सारे अमेरिका वासियों ने भारतीय जीवन शैली को अपना लिया था। स्वामी विवेकानंद का शिक्षा दर्शन विश्व के श्रेष्ठ शिक्षा दर्शनों में से गिना जाता है। उनका मानना था कि वह शिक्षा बेकार है, जो व्यक्ति के अंदर शेरशाह साहस पैदा नहीं करती वह सिद्धांतों के बजाय व्यावहारिकता का ज्ञान देना उत्तम मानते थे। राष्ट्र ऐसे मनीषी का का युगों युगों तक ऋणी रहेगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग तथा उनके प्रमुख उद्घोषों को सुनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने श्रद्धापूर्वक स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए उनके आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लेकर हमेशा लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर रहने तथा राज सेवा के लिए समर्पित रहने का प्राण लिया।

थाना समाधान दिवस में मात्र चार शिकायत आई

जानसठ, 11 जनवरी (बु.)। थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जमीन से संबंधित मात्र चार शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर आए, जिनमें से मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नही हुआ। शनिवार को थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सीओ यतेंद्र नागर और नायब तहसीलदार अजय कुमार ने संयुक्त रूप से की। थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराना है। सीओ यतेंद्र नागर ने बताया कि थाना समाधान दिवस में चार शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर आए, जिनमें से मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नही हुआ। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की यदि किसी भी क्षेत्रवासी को कोई समस्या होती है, तो वह अपनी समस्या लेकर थाना समाधान दिवस में आ सकता है। शिकायतकर्ता की समस्या का तुरंत समाधान कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस दौरान कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा नायब तहसीलदार अजय कुमार, सीओ यतेंद्र नागर व पुलिस ओर तहसील स्टाफ मौजूद रहा।

गश्ती तलाश (अज्ञात शव)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शाहपुर थाना क्षेत्र में काली नदी के किनारे ग्राम- मंघेड़ा के जंगलों में एक अज्ञात शव मिला है, जिसका हुलिया इस प्रकार है- लम्बाई करीब 5 फुट 7 इंच, उम्र करीब 40-42 वर्ष, रंग सांवला, उल्टा हाथ कोहनी से कटा हुआ। नीले रंग की टी-शर्ट और हाफ बाजू की सफेद काली धारीदार शर्ट पहने है।

यदि किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई सूचना हो तो थाना शाहपुर को सूचित करने का कष्ट करें।

अजय कुमार त्यागी (चौकी प्रभारी मीरापुर) थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर मो. 9219953770

दीपक चौधरी (थानाध्यक्ष) थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर मो. 9454404082

शातिर युवक को तमंचा व कारतूस सहित किया गिरफ्तार

चरथावल, 11 जनवरी (बु.)। थानाक्षेत्र के ग्राम अरनायच मार्ग से पुलिस ने शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान करते हुए जेल भेज दिया। चरथावल प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह के नेतृत्व में हिंडन चौकी प्रभारी सन्दीप कुमार, कांस्टेबल लोकेश कुमार के साथ मिलकर थानाक्षेत्र के ग्राम अरनायच मार्ग पर चैकिंग कर रहे थे। चैकिंग के दौरान पुलिस ने शातिर अभियुक्त विशाल पुत्र राकेश निवासी आकृति विहार बुढ़ाना मोड़ थाना कोतवाली नगर को गिरफ़्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान करते हुए जेल भेज दिया है।

डीएम ने एसएसपी संग छपार थाने में समस्याए सुनी

छपार, 11 जनवरी (बु.)। डीएम उमेश मिश्रा एंव डीआईजी-एसएसपी अभिषेक सिंह ने एसपी सिटी समेत अफसरों के संग शनिवार दोपहर में छपार थाने पहुंच थाना दिवस में आए फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान डीएम ने अफसरों को गुणवत्ता पूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया। डीएम व एसएसपी ने समाधान दिवस में साईबर ठगी के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, एसडीएम सदर निकिता शर्मा, सीओ सदर राजु कुमार साव, थाना प्रभारी विकास यादव, कानूनगो किशनचंद समेत लेखपाल आदि रहे। डीएम ने एसएसपी संग बाद में छपार, खामपुर मार्ग का निरीक्षण किया। बताया गया कि रोहाना पुलिस चैकी को थाना बनाने की गरज से क्षेत्र में रामपुर तिराहा, सिसौना रोहाना क्षेत्र में कई स्थानों का अफसरों द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया।

14 घंटे बाद आई बिजली, पूरी रात काम चला

बुढ़ाना, 11 जनवरी (बु.)। एक अनियंत्रित ट्रक की जोरदार टक्कर लगने से क्षतिग्रस्त हुए विद्युत खंभे के कारण बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र की लाइट लगातार 14 घंटे तक बाधित रही। इसी दौरान उपभोक्ता सर्दी में भी बिना बिजली के परेशान हो गये। इनवर्टर भी पूरी तरह से फेल हो गये। उपभोक्ता बार-बार विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों को फोन ही करते रह गये। मिली जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार की देर रात लगभग 09 बजे ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव जौला में एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक के चालक ने ट्रक की जोरदार टक्कर सड़क के किनारे खड़े 33 हजारी लाइन के एक विद्युत खंभे में मारकर खंभे को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था। तभी बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र के कई फीडरों की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गयी थी। इसकी सूचना मिलते ही बुढ़ाना विद्युत विभाग के जेई मनोज कुमार भयंकर ठंड में विद्युत टीम को साथ लेकर मौके पर पहुंच गये और आज शनिवार को दिन निकलने से पहले तक अर्ध रात्रि में खंभा सही कर फाल्ट दिखवाया, लेकिन फॉल्ट नहीं मिल पाया, जिसके चलते पूरी रात कस्बे की विद्युत आपूर्ति ठप्प रही। काफी प्रयास के बाद फाल्ट मिला, तो करीब प्रात 11 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल कराकर लोगों को राहत देने का काम किया। लोगों ने जेई की तारीफ की है।

एम.जी. पब्लिक स्कूल में शिक्षा में कला एकीकरण पर कार्यशाला आयोजित

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बुस.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल प्रांगण में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद् (सीबीएसई) द्वारा चलाये जा रहे कंपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम (सीबीपी) के अन्तर्गत शिक्षा में कला का एकीकरण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के प्राथमिक एवं माध्यमिक विंग के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा प्रतिभाग कर कला के माध्यम से पाठन-पाठन के प्रत्येक विषय को रोचक बन

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियां

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की तैयारियां अपने अन्तिम पड़ाव पर चल रही हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ मेले के आयोजन के लिए डिजिटल तैयारियां भी की हैं, ताकि लाखों श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ मेले के अनुभव को यादगार बनाया जा सके। इस साल महाकुंभ मेले में करोड़ों लोगों के आने का अनुमान लगाया गया है। इस विशाल मेले में भागीदार बनने के लिए दुनिया के कई हिस्सों से लोग आते हैं। कुंभ का आयोजन हरिद्वार, उज्जैन, प्रयागराज और नासिक में होता है। कुंभ मेले तीन प्रकार के होते हैं, महाकुंभ, पूर्णकुंभ और अर्धकुंभ। प्रयागराज में आयोजित होने वाला कुंभ ही महाकुंभ कहलाता है। प्रयागराज में गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का पवित्र संगम होने के कारण इसका अलग धार्मिक महत्व है। वहीं कुंभ का आयोजन हर 12 साल में चार बार क्रमिक रूप से हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में होता है। महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच होगा। इससे पहले साल 2019 में अर्धकुंभ और साल 2013 में पूर्णकुंभ का आयोजन प्रयागराज में किया गया था। कुंभ मेले की पौराणिक कहानी है। समुद्र मंथन के मध्य राक्षसों और देवताओं के बीच अमृत को लेकर संघर्ष हुआ था। इस संघर्ष में अमृत की कुछ बूंदें प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में गिरी थीं। यही कारण है कि कुंभ का आयोजन इन चार स्थानों पर किया जाता है। पौराणिक मान्यता यह भी है कि अमृत से भरे कलश को स्वर्ग पहुंचने में 12 दिन लगे थे और देवताओं का एक दिन पृथ्वी के एक साल के बराबर होता है, इसीलिए पूर्ण कुंभ को हर 12 साल में आयोजित किया जाता है। महाकुंभ को प्रयागराज के संगम तट पर इसलिए आयोजित किया जाता है, क्योंकि यहां पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों का संगम होता है। इस महाकुंभ में लोगों के भाग लेने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने तमाम सुविधाओं और सेवाओं को डिजिटल टेक्नोलॉजी से जोड़ा है। इस महाकुंभ को डिजिटल महाकुंभ भी कहा जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ मेला एप, एआई चैटबॉट, क्यूआर कोड से जानकारी और डिजिटल खोया-पाया केंद्र जैसी डिजिटल सेवाओं की शुरूआत की है। महाकुंभ मेला एप 11 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध है। यह एप यात्रा की योजना, टेंट सिटी का विवरण, गूगल नेविगेशन, कार्यक्रमों के रियल टाइम अपडेट, पर्यटक गाइड का विवरण, व्यापारिक और आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा ये एप लाइव अपडेट्स और स्थानीय सेवाओं से जोड़ने में सहायक है। महाकुंभ में 10 डिजिटल खोया-पाया केंद्र बनाए गए हैं। ये केंद्र महाकुंभ में परिवार से बिछड़ने वाले लोगों को खोजने में सहायता करेंगे। इन केंद्रों के जरिए महाकुंभ में परिवार से बिछड़ने वालों से जुड़ी जानकारी वहां पर मौजूद सभी एलसीडी पर दिखाई जाएगी। इसके अलावा सभी सोशल मीडिया पेज पर खोए हुए लोगों की फोटो और वीडियो संदेश पोस्ट किए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चार प्रकार के क्यूआर कोड लगाए जा रहे हैं, जिसमें हरे रंग का क्यूआर कोड प्रशासनिक सेवाओं के लिए है। इस क्यूआर कोड को स्कैन करके 28 पेजों का पीडीएफ खुलेगा, जिसमें मंडलायुक्त से लेकर प्रशासनिक अफसरों के नंबर एवं पुलिस स्टेशन के नंबर उपलब्ध होंगे। महाकुंभ के डिजिटलीकरण के तहत मेला क्षेत्र में मैपिंग के लिए गूगल और यूपी प्रशासन के बीच समझौता हुआ है, जिससे गूगल मैप के जरिए कुंभ में आने वाले लोग मंदिर, संगम तट और अन्य जगहों पर आसानी से जा सकेंगे। कुंभ क्षेत्र में 328 एआई-सक्षम कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी मदद से पूरे कुंभ क्षेत्र की निगरानी की जाएगी। कुंभ में आने वाले लोगों के ठहरने के लिए हमेशा की तरह एक टेंट सिटी भी बनायी गयी है। कुंभ की निगरानी के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने वालों पर कार्रवाई के लिए पुलिस एंटी-ड्रोन तकनीक का उपयोग कर रही है, जिससे ऐसे ड्रोन्स को गिराया जा सकेगा। श्रद्धालुओं और साधु-संतों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए पूरे मेला क्षेत्र में कई अस्पताल तैयार किए जा रहे हैं। इन अस्पतालों में डॉक्टरों की तैनाती की जा रही है। प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर 24 घंटे एंबुलेंस की सुविधा की विशेष व्यवस्था की गई है। महाकुंभ से पहले 2024 में अयोध्या में रामलला भी विराजमान हो गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ भी मनाई जा रही है। महाकुंभ से पहले अयोध्या में रामलला भी विराजमान हो गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ भी मनाई जा रही है। प्रयागराज ही में पहली बार राम मंदिर शिलान्यास-शिलापूजन का संकल्प 2001 के महाकुंभ में लिया गया था, प्रयागराज ही में पहली बार प्रस्तावित राम मंदिर का मॉडल रखा गया था। मेले के सेक्टर सात में विश्व हिंदू परिषद के शिविर में यह मॉडल रखा गया। यहीं 19 से 21 जनवरी तक विहिप की नौवीं धर्म संसद भी हुई थी। श्रीराम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष महंत परमहंस रामचंद्रदास ने मंदिर निर्माण का संकल्प दिलाया था। इससे पहले 1989 के प्रयागराज महाकुंभ में तृतीय धर्मसंसद में परमहंस रामचंद्र दास की अगुआई में अयोध्या में शिला पूजन व शिलान्यास का निर्णय लिया गया था। संगम से लगभग 300 मीटर दूर सेक्टर-15 में विशेष तैयारी चल रही है। 8 बीघा में 4 बड़े-बड़े पंडाल लगे हैं। तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ये योगी महासभा का पंडाल है। इसके अध्यक्ष यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। योगी महासभा के परिसर में ऐसे 4 पंडाल बनाए गए हैं। प्रयागराज में संगम की रेती पर बसे तंबुओं के शहर में 1 लाख से ज्यादा टेंट और पंडाल बने हैं। इन सभी में विशेष है योगी महासभा का पंडाल। मेला प्राधिकरण ने योगी महासभा को जो जमीन आवंटित की है, उसी में मुख्यमंत्री योगी के रुकने की व्यवस्था है। कुंभ में वैसे तो योगी महासभा का कैंप पिछले कई बार से लग रहा है, लेकिन इस बार जमीन करीब ढाई गुना ज्यादा है और सुविधाएं भी बढ़ा दी गई हैं। मेले के बड़े अफसर यहां तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। योगी के सीएम होने की वजह से इस बार कैंप में आने वाले नाथ संप्रदायों के संतों में खासी उत्सुकता और उल्लास का माहौल है। नाथ संप्रदाय के लोग इसे अपनी बड़ी उपलब्धि मान रहे हैं। योगी महासभा का यह भव्य और दिव्य कैंप पहले स्नान से पूर्व ही तैयार हो जाने की उम्मीद है। इस कैंप में इस बार अच्छी-खासी चहल-पहल रहने की उम्मीद है।

चार मोती

सुनील उत्सव

'जाल' 'मुफ़्त' 'आपदा' 'बवाल'

देखना है कौन फंसता है फ्री के जाल में,
मुफ़्त की चीजों का उसने अब भी फैलाया है जाल।
है समस्या देश की, जनता का दर्दे सर बना,
आपदा पीएम ने बोला लोग कहते हैं बवाल।

।। राम।। ।। राम।। ।। राम।। ।। राम।। ।। राम।। ।। राम।। ।। राम।।

शोक-सन्देश

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥

बडे दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य **श्री सतीश चन्द्र अग्रवाल जी** सुपुत्र स्व. श्री धर्मपाल जी का स्वर्गवास दिनांक 03.01.2025 दिन शुक्रवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

जिनकी **रस्म तेरहवीं दिनांक 13.01.2025 दिन सोमवार** को होनी निश्चित हुई है।

ब्रह्मभोज 12.00 बजे दोपहर
रस्म पगड़ी 02.00 बजे दोपहर

कार्यक्रम स्थल
आशीर्वाद बैंकट हॉल
लक्ष्मण विहार, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार

रूचि-देवेश (पुत्री एवं दामाद)
शिखा-गौरव (पुत्री एवं दामाद)
ईशान अग्रवाल (भतीजा)
अथर्व अग्रवाल (पौत्र)
श्रीमती ममता अग्रवाल (पत्नी)
श्याम बिहारी-वीना (भाई-भाभी)
मनीष चन्द-तरू (भाई-भाभी)
अशेष-एकता अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधु)
एवं समस्त अग्रवाल परिवार

प्रतिष्ठान
• पैट्रोकैम स्पेशियलिटीज, मुजफ्फरनगर
• ताशी माइक्रोसर्फेसिंग सिस्टम्स, मुजफ्फरनगर
• अशिता रिन्यूएबल्स, मुजफ्फरनगर
• पैट्रोकैम स्पेशियलिटीज एण्ड बिटुमिन्स प्रा०लि०, मथुरा

सम्पर्क सूत्र : 9837186655, 9897686868, 7060072542

।। राम।। ।। राम।। ।। राम।। ।। राम।। ।। राम।। ।। राम।। ।। राम।।

मुझे पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बना दीजिए, फिर, कथावाचक देवकीनंदन का बड़ा बयान

प्रयागराज, 11 जनवरी (एजेंसी)। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने महाकुंभ-2025 में पहुंचकर पाकिस्तान को लेकर बड़ा बयान दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने भारत के राजनीतिक दलों को लेकर भी टिप्पणी की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे 6 महीने के लिए पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बना दीजिए। सारी समस्या का जड़ पाकिस्तान ही है। ये बात उन्होंने एक निजी चैनल के कार्यक्रम में कही। बता दें कि कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि भारत की सभी समस्याओं का बीज कोई और नहीं पाकिस्तान ही है, जो यहां रहकर पाकिस्तान से प्रेम करते हैं, वे भी समस्या के जड़ हैं, जब तक पाकिस्तान का इलाज नहीं किया जाएगा, तब तक सनातन का विकास नहीं हो सकता। भारत पर पहला अधिकार सनातनियों का है, इस वजह से पहले हमारी पूजा और पद्धति को मानना चाहिए। उसके बाद हम दूसरे धर्म के बारे में सोचेंगे। साथ ही यह सवाल भी उठाया कि इस देश के कितने राजनीतिक दलों ने हिन्दू और सनातन के उत्थान के लिए आज तक काम किया है। पिछली सरकारों पर हमला करते हुए कहा कि हिन्दू खतरे में उस समय था, जब देश का बंटवारा हुआ और पाकिस्तान बनने के बाद भी वक्फ बोर्ड बना दिया गया। वक्फ बोर्ड बनाकर उन्हें जमीन कब्जाने का हक दे दिया गया। आगे उन्होंने कहा कि मुझे 6 महीने के लिए पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनवा दीजिए, मैं इस देश में जितने भी पार्टी के नेता हैं, उन सभी को 1-1 महीने के लिए पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनवा दूंगा।

डीएम ने काले वाला झील का किया निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बुस.)। डीएम उमेश मिश्रा ने आज काले वाला झील का निरीक्षण किया। उन्होंने काले वाला झील का पुनर्स्थापन व ईको टूरिज्म के रूप में वन विभाग द्वारा विकसित किया जा रहा है। उक्त झील का क्षेत्रफल 1150 हेक्टेयर है, जोकि आठ ग्रामों में बसी हुई है। ग्रामों के नाम कमशः 1-अलमावाला 2-जिन्दावाला 3 बहमनबगला, 4-बसेड़ा-द्वितीय 5-तुगलकपुर 6 गोधना 7-झबरपुर 8-कालेवाला है। उक्त ग्रामों में प्रशासन द्वारा डिमार्केशन का कार्य प्रारम्भ कराया जा चुका है, परन्तु उक्त कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है। ग्राम अलमावाला, तुगलकपुर व कालेवाला जो कि मेन झील का एरिया है, जिसमें अभी तक डिमार्केशन नहीं किया गया है, जिससे कि बाऊंड्री पीलर लगाने का कार्य किया जाना है। डीएम ने वन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन विभाग की भूमि एवं राजस्व की भूमि पर जो अवैध कब्जा है, इसको तत्काल कब्जा मुक्त कराकर उस भूमि को संरक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को निर्देशित किया कि काले वाला झील की भूमि को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। काले वाला झील एक ऐसी जगह पर है, जहां पर तरह-तरह के जंगली जानवर तथा तरह-तरह के पक्षियों का रहन-सहन हैं। यह पर्यटकों के लिए बहुत ही आकर्षित करने वाला केंद्र है, पर्यटक यहां पर आकर पर्याप्त लुत्फ उठा सकते हैं। डीएम द्वारा निर्देशित किया गया है कि राजस्व व वन विभाग की संयुक्त टीम गठित कर कब्जामुक्त कराते हुए सीमांकन का कार्य पूर्ण किया जायेगा, ताकि वन विभाग इसको एक ईको टूरिज्म के रूप में विकास कर सकें तथा पुनर्स्थापन के आधार पर इसको विकसित किया जा सकें। निरीक्षण के अवसर पर उप जिला अधिकारी सदर निकिता शर्मा एवं संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे

क्रांति सेना महिलाओं को देगी जूडो कराटे का प्रशिक्षण

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बु.)। क्रांति सेना कार्यालय पर अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर स्थापना दिवस पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जूडो कराटे एक्सपर्ट एवं क्रांति सेना कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा को संगठन की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि क्रांति सेना अब समाज के सभी क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रही है। इसी कड़ी में वेद प्रकाश शर्मा के किए कार्य सराहनीय है। कराटे एकेडमी निर्देशक वेद प्रकाश शर्मा ने घोषणा की कि क्रांति सेना के बैनर तले जल्द ही हिंदू लड़कियों-महिलाओं को जूडो कराटे का प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा, ताकि महिलाएं आत्मरक्षा के लिए सबल हो सकें। राष्ट्रीय महासचिव संजीव शंकर ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि हिंदुओं का पारिवारिक रूप से संगठित होना आवश्यक है। ऐसी स्थिति में क्रांति सेना एकमात्र ऐसा हिंदू संगठन है जिसमें महिलाएं हिंदू हितों की रक्षा के लिए बराबर की हिस्सेदारी है। जिलाध्यक्ष मुकेश त्यागी ने कहा कि हमारे जनपद के सभी हिंदू गांवों में हमारा संगठन तैयार हो रहा है। नवयुवक सेना के गठन पर गंभीरता पूर्वक विचार किया गया। इस दौरान क्रांति सेना द्वारा महिला संगठन को मजबूती देने के लिए कार्यरत जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी व महानगर अध्यक्ष राखी प्रजापति को भी सम्मानित किया गया।

पुत्रदा एकादशी पर मन्दिर में गूंजे भजन व गीतापाठ के श्लोक

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बु.)। महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा संचालित श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार के महामंत्री अतुल कुमार गर्ग ने बताया कि महाराज श्री की आज्ञानुसार एवं श्री-श्री कृपा बिहारी जी की कृपा से साप्ताहिक-एकादशी गीता पाठ की श्रृंखला में पुत्रदा एकादशी के उपलक्ष में गीता पाठ व भजन भाव शाम 6:30 बजे से भागवत वक्ता पण्डित कृष्णा नन्द जी के सौजन्य से प्राचीन श्री शिव मन्दिर, रेलवे स्टेशन के सामने आयोजित किया गया। इस दौरान पं. संजय मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित किया गया, इसके बाद पण्डित कृष्णा नंद द्वारा विधिवत पूजन के उपरांत अतुल कुमार गर्ग द्वारा गणेश जी की वन्दना, महामंत्र ओम नमो भगवते वासुदेवाय का जाप, भगवत स्तुति गीता मंत्र, बारहवें अध्याय का भक्तियोग पाठ, अष्टादश श्लोकी गीता पाठ भावपूर्वक कराया गया। तत्पश्चात भजनों की श्रृंखला में अजय गर्ग, संजय अरोरा, महिला मैत्री मण्डल द्वारा गाए भजन भावों ने सभी श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामबीर सिंह, सुभाष गोयल, मुकुल, सतीश गर्ग, संजय, नमन मिश्रा, मोनिका, निशा बंसल, मीनाक्षी गर्ग, राधा मिश्रा, रुकमणी गोयल, मोहिनी गुप्ता, प्रखर, अरनव, कार्तिक, पूनम, अल्का गोयल, मोहिनी, अनुष्का, जाह्नवी, ज्योति, रेनू, सुरभि, परणिता, अनीता गर्ग, रूकमणी, राजन गोयल आदि मौजूद रहे।

श्री गणपति-खाटू श्याम मंदिर में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

- मंदिर में भजन कीर्तन व सुन्दर कांड संग संपन्न हुई महाआरती

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बु.)। श्री अयोध्याधाम में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर शनिवार को भरतिया कॉलोनी स्थित श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में प्रभु श्री राम के भजनों के साथ ही सुंदरकांड पाठ व महा आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत के कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए धर्म लाभ उठाया। श्री गणपति धाम खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में आयोजित किए गए सुन्दर कांड एवं भजन संध्या में श्रीराम लला के भजनों पर इस बीच श्रद्धालु जमकर झूमे। इस दौरान भजन संगीत के कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर के पदाधिकारियों में प्रमुख समाजसेवी भीम कंसल, अशोक गर्ग, अनिल गोयल, चाचा जेपी गोयल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, उद्यमी कुशपुरी, अमित गर्ग, राज कमल जैन, मुकेश गोयल, रजत गोयल, विकास अग्रवाल आदि ने प्रभु श्रीराम की आरती करते हुए धर्म लाभ उठाया। कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

बता दें हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष 2024 में 22 जनवरी को पौष माह शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि थी। इसे कूर्म द्वादशी भी कहा जाता है।

वहीं, वर्ष 2025 में यह संयोग शनिवार 11 जनवरी को बना है। ऐसे में तिथि पर जाने के बजाय हिंदू पंचांग को देखते हुए श्रीराम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ शनिवार को मनाई गई।

टीकू तलसानिया को पड़ा दिल का दौरा

नई दिल्ली, 11 जनवरी (एजेंसी)। अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और यादगार भूमिकाओं के लिए मशहूर बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता टीकू तलसानिया को दिल का दौरा पड़ा है। अभिनेता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टीकू तलसानिया को शुक्रवार, 10 जनवरी को दिल का दौरा पड़ा था। 70 वर्षीय अभिनेता फिलहाल मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती हैं। अभिनेता के उपचार के बारे में अन्य जानकारी अभी आनी बाकी है। उन्होंने फिल्मों और टेलीविजन दोनों में काम किया। टीकू तलसानिया ने अंदाज अपना अपना, देवदास, स्पेशल 26 जैसी क्लासिक फिल्मों और लोकप्रिय टीवी शो उतरन में काम किया है। तलसानिया ने 1984 में टीवी शो 'ये जो है जिंदगी' से अपने अभिनय की शुरूआत की थी। दो साल बाद, उन्होंने प्यार के दो पल, ड्यूटी और असली नकली से बॉलीवुड में डेब्यू किया। वहां से उनके करियर ने उड़ान भरी और वे बोल राधा बोल, कुली नंबर 1, राजा हिंदुस्तानी, हीरो नंबर 1 और बड़े मियां छोटे मियां जैसी फिल्मों में अपने मनोरंजक अभिनय से घर-घर में मशहूर हो गए। इसके अलावा तलसानिया ने गोलमाल है भाई सब गोलमाल है, जिंदगी अभी बाकी है मेरे घोस्ट और सजन रे फिर झूठ मत बोलो जैसे लोकप्रिय शो के साथ भारतीय टेलीविजन में कई योगदान दिए हैं। हास्य और चरित्र भूमिकाओं को पर्दे पर उतारने में उनकी बहुमुखी प्रतिभा ने उन्हें दर्शकों के बीच लोकप्रिय बनाया है। टीकू को आखिरी बार 2024 की फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में देखा गया था, जिसमें राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी ने अभिनय किया था। वहीं, अभिनेता की निजी जिंदगी के बारे में बात करें तो टीकू ने दीप्ति तलसानिया से शादी की है और उनके दो बच्चे हैं। उनके बेटे रोहन तलसानिया संगीतकार हैं, जबकि उनकी बेटी शिखा तलसानिया ने वीरे दी वेडिंग, आई हेट लव स्टोरीज और कुली नंबर 1 जैसी फिल्मों से बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाई है।

MANAGER REQUIRED
For an IT Company
Near Jansath Road.
Candidate Must have
Good Communication
Skills. Send Your CV
to This Number-
M.9520866571

प्रशासन ने एक घंटे पहले दिया नोटिस, फिर बावड़ी पर बना अवैध मकान पर चलाया बुलडोजर

संभल, 11 जनवरी (एजेंसी)। शहर में पिछले एक सप्ताह से रुका हुआ बावड़ी की खोदाई का काम शुक्रवार को पुनः शुरू कर दिया गया। तहसील प्रशासन और नगर पालिका की टीम ने मिलकर उस मकान को तोड़ने का काम शुरू किया, जिसके नीचे ऐतिहासिक बावड़ी की दीवार मिली थी। इस बावड़ी की खोज शहर में चर्चा का विषय बन गई थी। बता दें कि चंदौसी कोतवाली के मुस्लिम बाहुल्य इलाके लक्ष्मणगंज में रानी की बावड़ी की खुदाई की जा रही है। लगातार 12 दिन बावड़ी की खुदाई की गई, बावड़ी के दूसरे तल की खुदाई के बीच पहुंची अरककी टीम ने काम को रुकवा दिया था, जिसके बाद 10 जनवरी को रज्ट निधि पटेल के साथ तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस की पूरी टीम मौके पर पहुंची और बावड़ी की दीवार के ऊपर बने मकान की दूसरी मंजिल की दीवार तुड़वाना शुरू कर दिया गया। बावड़ी पर बना अवैध मकान नगर पालिका ने 1 घंटे में मकान को तोड़ने का नोटिस जारी किया, जिसके बाद उनके घर पर बुलडोजर चला दिया गया। अभिलेखों की मानें तो 400 वर्ग मीटर में बनी बावड़ी के ऊपर केवल 210 वर्ग मीटर का प्लॉट ही खाली पड़ा था। इसलिए प्रशासन ने बावड़ी के ऊपर बने मकान को तोड़ने का आदेश दिया था। यहां के मकान मालिक ने बताया कि बावड़ी की दीवार के ऊपर बने मकान को तोड़ने से एक घंटा पहले ही नोटिस जारी किया था। मकान मालिक स्वामी युसुफ ने बताया कि यह मकान उसकी पत्नी गुलनाज के नाम है। पालिका प्रशासन की ओर से शाम को पांच बजे मकान खाली करने का नोटिस चस्पा किया गया था। मकान खाली कराने के बाद मकान मालिक समेत घर के सदस्यो को बुरा हाल हो गया। मकान मालिक स्वामी युसुफ ने बताया कि उन्हें सामान खाली करने का मौका नहीं मिला।

नौचंदी में कोच बढ़ाने को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बु.)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष चौ. नवीन राठी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुजफ्फरनगर के रेलवे स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का उद्देश्य भाकियू ने 14 जनवरी से 18 जनवरी तक प्रयागराज में होने वाले किसान कुंभ वार्षिक चिंतन शिविर हेतु प्रयागराज जाने वाली नौचंदी एक्सप्रेस में 15 जनवरी को जरुरत के अनुसार अधिक डिब्बे-कोच जोड़ने की मांग की, ताकि किसानों व अन्य यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। बता दें, भाकियू द्वारा प्रत्येक वर्ष वार्षिक अधिवेशन चिंतन शिविर का आयोजन प्रयागराज में किया जाता है। ज्ञापन के साथ मौखिक रूप से भी वार्तालाप कर भाकियू जिलाध्यक्ष चौधरी नवीन राठी ने यह मांग स्टेशन अधीक्षक से की। स्टेशन अधीक्षक पवन कुमार ने इस बीच भाकियू के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि व्यवस्था दुरूस्त की जायेगी और किसी को भी असुविधा नहीं होगी। इस दौरान मुख्य रूप से चौ. शक्ति सिंह, हरिओम त्यागी, अमित चौधरी, मनीष अहलावत, मदनपाल सिंह सहरावत, संजीव बालियान मांडी, कुलदीप सिरोही, विक्रांत चौधरी, सुभाष ककरान आदि उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
केवल टीवी इंटरनेट
कार्य हेतु ट्रेंड लड़कों की।
वेतन योग्यतानुसार।
कार्य क्षेत्र नई मंडी
एवं नई मंडी के लड़कों
को वरीयता दी जायेगी।
सिर्फ ट्रेंड लड़के ही
संपर्क करें :-
9897600300

भगदड़ मामले में अल्लू अर्जुन को मिलीं कई छूट, विदेश यात्रा की भी अनुमति

नई दिल्ली, 11 जनवरी (एजेंसी)। हैदराबाद के नामपल्ली कोर्ट ने अभिनेता अल्लू अर्जुन को 'पुष्पा 2' फिल्म की प्रीमियर के दौरान हुई भगदड़ मामले में कई राहतें दी हैं। अभिनेता को पिछले महीने गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में वह जमानत पर रिहा हो गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अल्लू अर्जुन को चिक्कड़पल्ली पुलिस स्टेशन में हर रविवार को हाजिरी लगाने से छूट दी गई है। उनके कानूनी टीम ने सुरक्षा कारणों से अदालत में इसका अनुरोध किया था। इसके अलावा उन्हें विदेश यात्रा की अनुमति भी मिल गई है। बता दें कि 4 दिसंबर, 2024 को हैदराबाद के संध्या थिएटर में उस समय भगदड़ मच गई थी जब एक बड़ी भीड़ अल्लू अर्जुन को देखने के लिए जमा हो गई थी। स्थिति तब और बिगड़ गई जब अभिनेता अपनी कार से बाहर निकले और फैंस से मिलने के लिए उनका अभिवादन किया। इसके बाद वहां अफरातफरी मच गई। इस घटना में 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई और उनका आठ साल का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था जो अभी भी अस्पताल में भर्ती है। घटना के बाद अल्लू अर्जुन को 13 दिसंबर, 2024 को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। गिरफ्तारी के तुरंत बाद उन्हें अंतरिम जमानत मिली थी। बाद में, 3 जनवरी, 2025 को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए कोर्ट में पेश होने के बाद उन्हें नियमित जमानत मिल गई थी। पहले कोर्ट ने उन्हें आदेश दिया था कि वह पुलिस स्टेशन में हर रविवार रिपोर्ट करें, जब तक कोई और आदेश न हो। कुछ दिन पहले 7 जनवरी को अल्लू अर्जुन ने घायल बच्चे से अस्पताल में मुलाकात की थी। साथ ही, उन्होंने बच्चे के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की थी। हालांकि, उनकी रिहाई के बावजूद अल्लू अर्जुन के कानूनी परेशानियां खत्म नहीं हुए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार पुलिस अधिकारी उनकी जमानत के खिलाफ याचिका दायर कर सकते हैं।

हरियाणा के इस शहर में चलेगी हाइड्रोजन ट्रेन, जानें कहां से कहां तक चलेगी

हरियाणा, 11 जनवरी (एजेंसी)। रोजाना लाखों लोग ट्रेन से सफर करते हैं। ट्रेन यात्रा को सबसे सस्ता और सुगम माना जाता है। अब देश में फास्ट ट्रेनों का दौर भी शुरू हो गया है। ये ट्रेनें आधुनिक सुविधाओं से लैस है। अब देश को बुलेट ट्रेन के साथ-साथ हाईड्रोजन ट्रेन भी सामिल हो गई है। क्या आप जानते हैं कि ये हाईड्रोजन ट्रेन देश के किस इलाके में चलेगी। सबके मन में यह सवाल उठता है कि आखिर ये हाईड्रोजन ट्रेन कब और कहां से चलेगी। बता दें कि ये हाइड्रोजन ट्रेन हरियाणा राज्य से शुरू हो रही है। ये ट्रेन जनवरी 2025 से शुरू होगी।देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन की शुरूआत हरियाणा से जींद और सोनीपत के बीच चलेगी। इस हाइड्रोजन ट्रेन की दूरी कुल 90 ' बताई जा रही है। खास बात ये है कि यह ट्रेन पूरी तरह प्रदूषण मुक्त होगी। पर्यावरण हितैषी होने के साथ-साथ ये ट्रेन समय की भी बचत करेगी। उन ट्रेनों की क्षमता 600 से 700 हॉर्सपावर रखी गई है। लेकिन भारत में तैयार हाईड्रोजन ट्रेन की क्षमता इससे दोगुनी यानी 1200 हॉर्सपावर बताई जा रही है। यानी क्षमता के मामले में ट्रेन बाकी ट्रेनों के मुकाबले दोगुना बेहतर है।

हाइड्रोजन ट्रेन की खासियत

- हाइड्रोजन ट्रेन हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच चलेगी
- इस ट्रेन की कुल दूरी 90 किलोमीटर होगी
- 90 किलोमीटर की दूरी को 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तय करेगी ट्रेन
- ट्रेन में कुल 8 से 10 डिब्बे होंगे
- 90 किमी की दूरी तय करने में ये ट्रेन 964 किलो कार्बन उत्सर्जन करती है

बाजारों में बांटे पालिका ने डस्टबिन, गाड़ियों में डला कूड़ा

- एनएसए पहुंचे व्यापारियों के बीच, चला जागरूकता अभियान

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बु.)। नगरीय क्षेत्र को क्लीन एंड ग्रीन बनाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच नगरपालिका प्रशासन ने मुख्य मार्गों और प्रमुख बाजारों में चलाए जा रहे नाइट स्वीपिंग अभियान के तहत अब व्यापारियों-दुकानदारों को सड़क पर कूड़ा नहीं फैलाने, पालिका की गाड़ियों में कूड़ा डालने और दुकानों पर डस्टबिन रखने की जागरुकता अभियान चलाया। वहीं झांसी की रानी के पास स्थित शौचालय को टीम लगाकर साफ सफाई कराई गई। नगरपालिका परिषद् की ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि नाइट स्वीपिंग में लगातार शहर के

यूबीटी स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी: राउत

मुंबई, 11 जनवरी (वार्ता) महाराष्ट्र में शिवसेना नेता एवं राज्य सभा सांसद संजय राउत ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी राज्य में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी। पत्रकारों से बात करते हुये, राज्यसभा सांसद ने कहा कि इंडिया गठबंधन और महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का गठन पिछले साल हुये लोक सभा और विधानसभा चुनावों के लिये थे। श्री राउत ने कहा,''हम अपनी ताकत के दम पर मुंबई, ठाणे, नागपुर और अन्य नगर निगमों, जिला परिषदों तथा पंचायतों के चुनाव लड़ेंगे।'' उन्होंने कहा कि शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे-यूबीटी) के कार्यकर्ता मांग कर रहे हैं कि पार्टी मुंबई नगर निगम चुनाव अकेले लड़े। श्री राउत ने कहा कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे कार्यकर्ताओं और नेताओं से सलाह-मशविरा करने के बाद अंतिम फैसला लेंगे। उन्होंने बताया कि शिवसेना ने पहले भी अपने दम पर चुनाव लड़ा है। उल्लेखनीय है कि मुंबई के नगर निगम चुनाव के साथ-साथ राज्य में विभिन्न अन्य स्थानीय निकायों के चुनाव भी जल्द ही होने की उम्मीद है।

रायबरेली:न्यायिक मजिस्ट्रेट के कक्ष में पकड़े गये युवक से फर्जी आईडी व मोहरें बरामद

रायबरेली 11 जनवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश में रायबरेली के कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित एक न्यायिक मजिस्ट्रेट के कक्ष में पकड़े गए युवक के पास से फर्जी आईडी और मोहरे बरामद की गई है। मामला उजागर होने पर प्रशासनिक हलके में हड़कंप मच गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय से जुड़े सूत्रों से शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार बीते कई दिनों से कलेक्ट्रेट में एक संदिग्ध व्यक्ति न्यायिक अदालत में विभाग की फाइलों में हस्तक्षेप करता था। युवक के द्वारा लगातार कोर्ट में रहकर हस्तक्षेप करने की शिकायत नगर मजिस्ट्रेट से की गयी। नगर मजिस्ट्रेट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सम्बंधित युवक की जांच कर उसे पुलिस हिरासत में ले लिया। जांच में पाया गया कि संदिग्ध व्यक्ति मो0 रज्जाक पुत्र आफाक अहमद खुर्रम नगर लखनऊ जिले का निवासी हैं। यही नही उसके पास से संदिग्ध आईडी भी बरामद हुई जिसमें यह उल्लेख था कि संदिग्ध युवक की सदर तहसील में बीते 24 दिसंबर को कम्प्यूटर ऑपरेटर की हैसियत से नियुक्ति दिखाई गई थी।

बहराइच : चौकी इंचार्ज सहित सात पुलिसकर्मी निलंबित

बहराइच, 11 जनवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश के बहराइच में पुलिस अधीक्षक ने एक महत्वपूर्ण विभागीय कार्रवाई करते हुए चौकी इंचार्ज समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई से महकमे में हड़कंप मच गया है। घटना जिले के जालिम नगर पुलिस चौकी का है, जो मोतीपुर थाना क्षेत्र में स्थित है। इस चौकी पर 02/03 जनवरी 2025 की रात को एक ट्रक चढ़ गया था, जिसके परिणामस्वरूप फूस के मकान में संचालित चौकी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई थी। इस हादसे का मामला पुलिस ने थाने में दर्ज करवाया था और इसके साथ ही जांच भी शुरू की गई थी। गुरुवार को आईजी अमित पाठक ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिह के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले में संदिग्धता मिलने पर पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करने का निर्णय लिया और शुक्रवार देर शाम चौकी इंचार्ज दिनेश बहादुर, हेड कांस्टेबल नरसिह, रामानन्द, रामसुमेर, सिपाही गौरव कुमार, धर्मजीत और अवनीश कुमार को निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह कार्रवाई विधिक कार्रवाई में बाधा डालने, प्रकरण से संबंधित लोगों को परेशान करने, मानसिक संत्रास देने, पुलिस की छवि को धूमिल करने, अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने, स्वेच्छाचारिता करने और अनुशासनहीनता के मामलों में की गई है।

महाकुंभ में नाबालिग लड़की को संन्यासी बनाने वाला महंत अखाड़े से निष्कासित

महाकुंभनगर,11 जनवरी (वार्ता) महाकुंभ में नाबालिग लड़की को संन्यास की दीक्षा दिलाने वाले महंत कौशल गिरी को श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा ने सात साल के लिए अखाड़े से बाहर कर दिया है। अखाड़ा के राष्ट्रीय प्रवक्ता नारायण गिरी ने बताया कि अखाड़े की परंपरा नहीं रही है कि किसी नाबालिग को संन्यासी बना दें। इस मुद्दे पर बैठक कर सर्वसम्मति से फैसला लिया गया है। उन्होंने नाबालिग को गलत तरीके से शिष्य बनाया था। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम के माघ मेला, कुंभ और महाकुंभ में दान की परंपरा अति प्राचीन है। उसी परंपरा का निर्वहन करते हुए एक दंपति ने सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए शैव संप्रदाय श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा को दान कर एक नया इतिहास रचा था लेकिन लड़की का संन्यास वापस कर महंत को सात साल के लिए अखाड़े से निष्कासित कर दिया गया है।

मोदी की जम्मू-कश्मीर दौरे से पहले सुरक्षा बढ़ाई

श्रीनगर, 11 जनवरी (वार्ता) जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सोमवार को रणनीतिक जेड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे के मद्देनजर घाटी में सुरक्षा व्यवस्था काफी बढ़ा दी गयी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री की सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) ने सोनमर्ग के शुटकड़ी गांव में जेड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन के स्थल पर सुरक्षा का जिम्मा संभाल लिया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के साथ समन्वय में एसपीजी इस हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिये 24 घंटे काम कड़ी निगरानी रख रही है। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा तंत्र क्षेत्र को वर्चस्व अभ्यास, ड्रोन के माध्यम से निरंतर जमीनी और हवाई निगरानी और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से व्यापक निगरानी के साथ मजबूत किया गया है। भारतीय सेना किसी भी संभावित खतरे का मुकाबला करने के लिये गांदरबल जिले के ऊपरी इलाकों में कड़ी निगरानी रख रही है।

14 किलो सोना, 4 करोड़ कैश, 3 मगरमच्छ..

मध्य प्रदेश, 11 जनवरी (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के बंडा से पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर के घर पर आयकर विभाग ने रेड मारी तो बड़ी काली कमाई का खुलासा हुआ, लेकिन टीम उस वक्त हैरान रह गई, जब छापेमारी में पूर्व विधायक के घर से मगरमच्छ बरामद हुआ। आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर के घर में 3 मगरमच्छ मिले। घर में मगरमच्छ देखकर आयकर विभाग के अधिकारी भी शॉक्ड रह गए और हैरानी की बात तो ये है कि पूर्व विधायक के बंगले के अंदर ही तीनों मगरमच्छ मिले हैं। दरअसल, बीजेपी के पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर के यहां पिछले 3 दिनों से आईटी की रेड कार्यवाई चल रही है, छापेमारी के दौरान पूर्व विधायक के घर से 14 किलो सोना और 4 करोड़ की नगदी भी बरामद हुई, लेकिन बंगले के अंदर मिले 3 मगरमच्छ के बाद पूर्व विधायक चर्चा में हैं। ये भी खुलासा हुआ है कि पूर्व विधायक ने बंगले के अंदर मगरमच्छों के लिए तालाब बना रखा है, मगरमच्छ पालना गैरकानूनी है, इसलिए आयकर विभाग ने इसकी सूचना वन विभाग को दे दी है, इस मामले में जांच और कानूनी कार्रवाई जारी है।

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर योगी ने की आरती

अयोध्या 11 जनवरी (वार्ता) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर अयोध्या का दौरा किया। राम कथा पार्क में हेलीपैड पर उतरने के बाद सीएम सीधे राम मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान श्री राम की पूजा-अर्चना की और आरती की। जन्मभूमि पथ पर अपने दौरे के दौरान योगी ने रास्ते में खड़े श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। मंदिर में उन्होंने भगवान राम की मूर्ति का औपचारिक दर्शन और पूजा-अर्चना की। उन्होंने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रमुख महंत नृत्य गोपाल दास से भी मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने आध्यात्मिक अनुष्ठान के तहत संतों और तपस्वियों के साथ भोजन भी किया। गौरतलब है कि यह दौरा 4 जनवरी को अयोध्या की उनकी पिछली यात्रा के बाद हुआ है, जहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और अधिकारियों के साथ विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इससे पहले, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर मोदी ने दी बधाई

नयी दिल्ली,11 जनवरी (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। मुझे विश्वास है कि यह दिव्य-भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा।

शेष : उत्तेजित स्टेटस लगाने को लेकर दो पक्ष भिड़े, फायरिंग

उत्तेजित एवं धमकीभरे स्टेटस भी लगाए गए। इसी को लेकर शनिवार दोपहर करीब तीन बजे दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। उनमें मारपीट हुई। इसके बाद फायरिंग हुई, जिसके चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। घायल सद्दाम का आरोप है कि रिहान पक्ष के लोगों ने उनके घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। लगभग 50 राउंड फायरिंग हुई, जिसमें उसके कूल्हे तथा चाचा इरफान के पेट एवं हाथ में गोली लगी। इसके अलावा उसके पिता उमरा भी मारपीट के दौरान घायल हो गया। सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन—फानन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा उपरोक्त तीनों घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। वहीं, दूसरे पक्ष के रिहान को भी छर्रे लगने की बात सामने आई। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर सीओ श्याम सिंह व प्रशिक्षणाधीन सीओ जितेंद्र कुमार अस्पताल में पहुंचे और घायलों से घटना के संबंध में जानकारी हासिल की। वहीं, अस्पताल से चिकित्सकों ने सद्दाम, इरफान और रिहान को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक घटना के संबंध में कोतवाली में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम में मौहम्मद शमी की वापसी

नई दिल्ली, 11 जनवरी (एजेंसी)। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20क सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। 15 सदस्यीय टीम मे ऋषभ पंत का चयन नहीं हुआ। इंग्लैंड के बीच होने वाले पांच मैचों की टी-20 सीरीज का हिस्सा होंगे। यह श्रृंखला 22 जनवरी से कोलकाता में शुरू हो रही है। शमी ने 2023 के विश्व कप में अपना पिछला अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला खेला था। उसके बाद उन्होंने अपने एड़ी में हुई समस्या का ऑपरेशन करवाया और फिर उन्हें घुटने से संबंधित समस्याएं भी हुईं। इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए कप्तान सूर्यकुमार यादव सहित पूरे भारतीय टीम का ऐलान शनिवार को हुआ। हालांकि इस सीरीज के बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेली जानी है, और उसके लिए टीम की घोषणा अब तक नहीं हुई है। इसके अलावा चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी टीम की घोषणा बाकी है, जिसकी अंतिम तिथि 12 जनवरी तक है। जसप्रीत बुमराह इस टी- 20 टीम के 15 सदस्यीय दल का हिस्सा नहीं हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दौरान कुछ समस्या हुई थी, हालांकि उस चोट की जानकारी अब तक पूरी तरह से सामने नहीं आई है

पालिका ने बिजली विभाग को भेजा नोटिस, मांगे 18 करोड़

टाउनहाल दफ्तर समेत 10 बिजलीघरों पर टैक्स बकाया

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बु.)। टाउनहाल प्रांगण में नगर पालिका परिषद की बिल्डिंग में किराए पर लिए पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के विद्युत वितरण नगरीय खण्ड प्रथम के अधिशासी अधिकारी कार्यालय पर पालिका प्रशासन ने 18 करोड़ रुपए के बकाए का नोटिस भेजा है। इसके साथ पालिका की भूमि पर शहरी क्षेत्र में नगरीय खंड के अंतर्गत चल रहे 10 बिजलीघरों से गृह और जलकर के रूप में टैक्स भी पालिका को नहीं दिया गया है। इसे लेकर अब पालिका प्रशासन ने विद्युत विभाग से यह बकाया टैक्स जमा कराने के लिए नोटिस जारी किया है। इसमें एक वित्तीय वर्ष में विद्युत विभाग को नगर पालिका ने 73,34,420 रुपए का बकायादार बनाया है और 31 मार्च 2025 तक नगरीय खण्ड कार्यालय और विद्युत सब स्टेशनों पर बकाया तय करते हुए उक्त धनराशि को जमा कराने के लिए एक सप्ताह में एक्सईएन नगरीय खंड डीसी शर्मा से जवाब तलब किया है। नोटिस टाउनहाल स्थित एक्सईएन कार्यालय को पालिका ने उपलब्ध कराया तो विभाग में हलचल मच गई है। नगरपालिका के टैक्स विभाग की ओर से नगर क्षेत्र में बकाया राजस्व वसूली के लिए अभियान छेड़ते हुए अब बड़े बकाएदारों को निशाने पर लिया है, इसी कड़ी में विद्युत विभाग को कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव की ओर से विद्युत वितरण नगरीय खण्ड प्रथम के एक्सईएन को नोटिस भेजा है, जिसमें टाउनहाल दफ्तर पर किराये के रूप में पालिका का 4 करोड़ 39 लाख 49 हजार 829 रुपये बकाया जमा कराने के लिए कहा है। वहीं इस खण्ड के अन्तर्गत आने वाले शहरी क्षेत्र के बिजलीघरों जनकपुरी विद्युत सब स्टेशन पर 3,66,99,120 रुपए, रामलीला टिल्ला विद्युत सब स्टेशन पर 66,46,268 रुपए, गऊशाला विद्युत सब स्टेशन पर 38,86,152 रुपए, गांधी कॉलोनी विद्युत सब स्टेशन पर 27,96,768 रुपए, सिविल लाइन दक्षिणी विद्युत सब स्टेशन पर 1,51,890 रुपए, लद्दावाला जिला अस्पताल विद्युत सब स्टेशन पर 33,29,728 रुपए, विद्युत स्टेशन नं. 2503 सिविल लाइन पर 19,49,314 रुपए, आर्यपुरी विद्युत सब स्टेशन पर 30,64,612 रुपए, विद्युत सब स्टेशन नं. 2501 सिविल लाइन दक्षिणी पर 24,39,204 रुपए व पटेलनगर मंडी समिति विद्युत सब स्टेशन पर 06,42,04,536 रुपए का टैक्स बकाया होने के कारण यह रकम जमा कराने के लिए कहा है। पालिका प्रशासन ने टाउनहाल कार्यालय और दस बिजलीघरों पर किराया व टैक्स के रूप में 17 करोड़ 91 लाख 17 हजार 421 रुपए के बकाया की मांग विद्युत विभाग से की गई है।

पालिका को 48 वर्षों से नहीं दिया विद्युत विभाग ने किराया

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बु.)। पालिका की टाउनहाल बिल्डिंग में विद्युत विभाग का कार्यालय वर्ष 1976 से पालिका से किराया अनुबंध के तहत चल रहा है, लेकिन किराया अनुबंध होने के बाद से आज तक विद्युत विभाग ने एक्सईएन नगरीय खण्ड प्रथम कार्यालय का कोई भुगतान पालिका को नहीं किया है। इन बीते 48 वर्षों में पालिका ने कई बार विद्युत विभाग से बकाया किराया मांगा, लेकिन हर बार राजनीतिक दबाव में ठंडे बस्ते में चला गया। इस बार फिर यह कवायद शुरू की गई है। कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव द्वारा जारी नोटिस में इसका उल्लेख किया है। इसके अनुसार टाउनहाल बिल्डिंग में चलाये जा रहे किराये का भुगतान पालिका को विद्युत विभाग ने वर्ष 1976 से ही नहीं किया है। इसके साथ नगर क्षेत्र में चल रहे बिजलीघरों में से किसी भी सम्पत्ति के लिए विद्युत विभाग ने कभी गृह या जलकर पालिका में भुगतान नहीं किया है। कर विभाग ने विद्युत विभाग से बकाया भुगतान मांगते हुए स्पष्ट किया कि यदि बकाया राशि विद्युत विभाग समायोजित कराना चाहता है तो इसकी लिखित सहमति एक सप्ताह में उपलब्ध कराये ताकि समायोजन की कार्यवाही को पूर्ण कराई जा सके।

जय श्रीराम के जयघोष के बीच निकली श्रीराम शोभायात्रा

- पूर्व विधायक संगीत सोम ने किया शोभायात्रा का शुभारंभ
- नगर के मुख्य मार्गों पर किया पुष्प वर्षा के साथ स्वागत

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बु.)। जय श्रीराम के गगनचुंबी जयघोष के बीच शनिवार को नगर मुख्यालय पर अयोध्याधाम में भगवान श्री राम के मंदिर की स्थापना और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का हिंदू पंचांग के अनुसार एक वर्ष पूर्ण होने पर देशभर के साथ वर्षगांठ का जश्न मनाया गया। इस कड़ी में श्रीराम भक्तों ने नगर के मुख्य मार्गों पर खुशी के जश्न के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संगीत सिंह सोम और पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस बीच शोभायात्रा पर श्रद्धालुओं की ओर से पुष्प वर्षा की गई। नगर के मौ. रामपुरी से निकली शोभायात्रा में पहुंचे पूर्व विधायक ठा. संगीत सिंह सोम और अन्य अतिथियों ने यहां भगवान श्रीराम के स्वरूप की आरती करते हुए शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ठा. संगीत सोम ने कहा कि यह सनातन धर्म के लोगों की आस्था और विश्वास की जीत है। उनकी एकजुटता के चलते ही आज पूरी दुनिया श्री अयोध्या में भव्य श्री राम धाम का दर्शन कर रही हैं। यह जीत वास्तव में 500 वर्षों की लड़ाई के बाद मिली है। आज हम खुशी खुशी भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पूरे देश के साथ मना रहे हैं। ये दृश्य और अवसर वास्तव में ही अविस्मरणीय है। उन्होंने सभी से एकजुट रहते हुए सनातन धर्म की रक्षा में योगदान करने का आह्वान किया। इसके बाद यहां से भव्य शोभायात्रा शुरू हुई, जो नगर के मुख्य मार्ग रुड़की रोड से होते हुए फ्रैंडस कालोनी, कच्ची सड़क, गाजावाली, जिला अस्पताल तिराहा, अंसारी रोड, मालवीय चौक, टाउनहाल रोड, झांसी की रानी, शिवचौक होते हुए वापस फिर से रुड़की रोड से पूरे नगरीय क्षेत्र में निकाली गई। शोभायात्रा के मुख्य मार्ग पर आने के बाद घंटों तक क्षेत्र में यातायात व्यवस्था ठप्प हो गई। ऐसे हालात में शहर में कई स्थानों पर काफी लंबा जाम लगा रहा। जाम को इस बीच खुलवाने के लिए पुलिस प्रशासन को पसीने छूटे रहे। इस दौरान डीजे व बैंड बाजों व झांकी के साथ शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया गया। नगर में कच्ची सड़क, आनन्दपुरी, शिवचौक समेत अन्य स्थानों पर श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में भंडारों का आयोजन किया गया। श्री राम सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित किए गए कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिषेक शर्मा, सुबोध दीक्षित, संजय गौतम, रजनीश वशिष्ठ, संदीप शर्मा, डॉ. योगेंद्र शर्मा, मनोज सैनी, लोकेश सैनी, राजेंद्र कश्यप, बिट्टू सिखेड़ा समेत बड़ी संख्या में युवा टोली शामिल रही।

केशव प्रसाद मौर्य का प्रियंका पर पलटवार, बोले अपने को राजकुमारी ना समझें प्रियंका

हरदोई, 11 जनवरी (एजेंसी.)। हरदोई में यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने प्रियंका को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें पीएम से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। अगर उनके मन में कोई सवाल है तो संसद सत्र में रखें। वहां पीएम मौजूद भी रहते हैं और बोलते भी हैं। उनको लगता है कि वो किसी परिवार में पैदा हुई है तो वो किसी राष्ट्र की राजकुमारी है, ये गलतफहमी बिलकुल ना पालें। उन्हें देश ने पहली बार संसद के लिए चुना है और नरेन्द्र मोदी को 22 साल देश में सीएम और पीएम के रूप में सेवा करते हो गये हैं। इसलिए उनके बारे में जो भी कुछ बोले, सोच समझकर बोले।

नवीन मंडी स्थल सब्जी मंडी में चला सफाई अभियान

लंबे समय से व्याप्त गंदगी को सुधारने को बंद कराया बाजार

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बु.)। नगरीय क्षेत्र की बेपटरी सफाई व्यवस्था को सुधारने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच चेयरपर्सन हर स्थिति पर पैनी नजरें बनाए हुए है। इस दौरान जहां वे पालिका अधिकारी-कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करने में जुटी हैं, वहीं बेपटरी सफाई व्यवस्था को सुधारने में जुटी हैं। इस कड़ी में मुख्य बाजारों के साथ ही वार्ड स्तर पर साफ-सफाई को दुरूस्त करने के प्रयास जारी हैं। शनिवार को इन्हीं कवायदों के बीच चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने पालिका टीम को नवीन मंडी स्थल से सटे सब्जी मंडी बाजार को व्यवस्थित करने के साथ ही गंदगी से मुक्ति की खातिर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की गुणवत्ता परखने में जुटी है। अभियान की इस कड़ी में शनिवार को पालिका टीम ने नवीन मंडी-सब्जी मंडी क्षेत्र में व्याप्त गंदगी को सुधारने की खातिर दुकानों को बंद कराने के साथ सफाई अभियान चलाया गया। सफाई व्यवस्था में सुधार की दिशा में इस दौरान डलावघरों पर गंदगी पर कड़ी फटकार लगाते हुए कंपनी द्वारा किए गए कार्यों में सुधार के लिए दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर कूड़ा डस्टबिन में डालने के साथ क्षेत्र में कंपनी की गाड़ी आने पर कूड़ा गाड़ी में डालने के लिए सहयोग मांगा।

आलू मण्डी में दुकान बनाने का विवाद गहरया, पुलिस पहुंची

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बु.)। शुक्रवार के बाद शनिवार को एक बार फिर आलू मण्डी में बन रही दुकानों का विवाद गहराया। आपसी तनातनी होने के बाद पुलिसबल मौके पर पहुंचा। दरअसल शुक्रवार को आलू मण्डी में कच्चे ठियों को लेकर पक्के बनाने जा रहे कुछ लोगों के साथ दुकानदारों का विवाद हो गया था। दुकानदारों ने यह दावा करते हुए विवाद किया था कि यहां पर पक्की टीनशेड के साथ दुकान बनाने की अनुमति नहीं है, जबकि कुछ लोग दबंगई दिखाते हुए यहां पक्की दुकान बनाने का काम छेड़ चुके हैं। इस पर शुक्रवार को कुछ दुकानदार इकट्ठा होकर शहर कोतवाली व आबकारी चौकी पर गए थे, मगर शनिवार को फिर उक्त दुकानों में बवाल होते होते बचा और पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस ने चेतावनी दी है कि इस मामले को कागजों सहित उनके पास लेकर आएं, जिससे पूरे मामले की सही जानकारी मिल सके। आपको बता दें कि उक्त दुकानें अन्नपूर्ण ट्रेडर्स, आलू मण्डी के बाहर बन रही हैं।

भारत के भेजे गए न्योते को बांग्लादेश सरकार ने ठुकराया

बांग्लादेश, 11 जनवरी (एजेंसी)। यूनुस सरकार में बांग्लादेशी अधिकारियों ने सरकारी खर्च पर गैर-जरूरी विदेश यात्रा पर प्रतिबंध का हवाला देते हुए भारत सरकार के न्योते को ठुकरा दिया, जिसके कारण बांग्लादेशी अधिकारी मौसम विज्ञान विभाग के 150 साल पूरे होने पर भारत में आयोजित हो रहे सेमिनार में भाग नहीं लेंगे। समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि आईएमडी के 150 साल पूरे होने पर 14 जनवरी को दिल्ली के मंडपम में एक सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। अविभाजित भारत का हिस्सा रहे पड़ोसी देशों को भी न्योता भेजा गया है। पाकिस्तान ने भी भागीदारी की पुष्टि की है, लेकिन बांग्लादेश ने भागीदारी से इनकार कर दिया। बांग्लादेश मौसम विज्ञान विभाग के कार्यवाहक निदेशक मोमिनुल इस्लाम ने एक महीने पहले निमंत्रण मिलने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अपनी 150वीं वर्षगांठ समारोह में हमें आमंत्रित किया है।

दिन में धूप और रात में बारिश ने बढ़ाई लोगों की चिंता

- कोहरे का कहर घरों से सड़कों तक जारी, लोग बेहाल
- दिन में धूप निकलने से मिली राहत, बढ़ा तापमान
- बादलों की आंख मिचौनी ने बढ़ाए रखी चिंता, रात में बारिश

मुजफ्फरनगर, 11 जनवरी (बु.)। दिल्ली-एनसीआर के साथ समूचे उत्तर भारत में कोहरे का कोहराम व शीतलहर का प्रकोप अभी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि शनिवार को इस बीच जारी अलर्ट से सहमे लोगों को जनपद में बारिश की आशंका के बीच दिनभर हल्की धूप ने राहत देने का काम किया। जिले में हालांकि इन दिनों कोहरा व शीतलहर के कारण ठंड से लोगों का बुरा हाल है। शीतलहर और कोहरे के कारण प्रतिदिन तापमान गिरता जा रहा है। धूप निकलने पर मिली लोगों को ठंड से थोड़ी राहत के बीच सायं को फिर से ठंड ने जनपद को अपने आगोश में ले लिया। शनिवार में न्यूनतम तापमान गिरकर 06 डिग्री पहुंच गया, जबकि अधिकतम तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी कोहरे की दस्तक को फिर से निमंत्रण देती दिखाई दी।

पहाड़ों पर जारी बर्फबारी व मैदानी इलाकों में जारी शीतलहर का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा। उससे इतर, शनिवार को सुबह आंख खुली तो नगरीय क्षेत्र के साथ हाइवे व अन्य मार्गों पर दूर तक कोहरा जिले को अपने आगोश में लिए दिखाई दिया। इस बीच कोहरा इतना अधिक था कि सड़कों से घरों की छतों तक कम विजीबिलिटी से कुछ ही दूरी का भी साफ नहीं दिखाई दे रहा था। कोहरे के कारण ठंड भी बढ़ी हुई थी। अत्यधिक ठंड के कारण हाईवे ही नहीं अपितु नगर की सड़कों पर भी इस बीच वाहन रेंगते हुए ही चल पा रहे थे। हाईवे पर ऐसे में बड़े वाहनों को विजीबिलिटी बहुत कम होने के कारण रेंगने को विवश होना पड़ रहा था। इस बीच में वाहनों की हेडलाइट भी कोहरे को चीर नहीं पा रही थी। शनिवार सुबह करीब 9.30 बजे जब आसमान में कोहरा कम हुआ और सूरज ने आसमान में अपनी उपस्थिति दर्ज की, तो कोहरा छंटने लगा और धूप खिल उठी। धूप निकलने पर लोगों को ठंड से काफी राहत मिली। इसी कारण शनिवार को अधिकतम तापमान करीब 4 डिग्री बढ़ गया। दिन में बादलों की आंख मिचौनी के बीच घरों में बच्चे-बुजुर्ग व महिलाओं ने धूप में बैठकर ठंड से काफी राहत महसूस की। हालांकि शाम के समय फिर से सूर्य बादलों में छिप गया, जिससे ठंड फिर से काफी बढ़ गई और बच्चे व बुजुर्ग फिर से कमरों में रजाइयों में जा बैठे। बीते एक सप्ताह में शनिवार को सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। शनिवार को जहां दिन का तापमान करीब 5 डिग्री बढ़ गया, वहीं न्यनूतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 19.9 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए जाने के साथ आर्द्रता 95 प्रतिशत आंकी गई। मौसम वैज्ञानिकों के अलर्ट के बीच शनिवार सुबह से बारिश की आशंका से सहमे लोगों को दिन छिपने के साथ बादलों की गड़गड़ाहट से मौसम में बारिश की दस्तक ने लोगों को घरों में छिपने के लिए विवश कर दिया। कोहरा व ठंड के साथ उत्तर प्रदेश के पश्चिमी व मध्य हिस्सों में 11 व 12 जनवरी को मौसम विभाग के जारी अलर्ट से शुरू हुई बारिश ने पूर्व घोषित अनुमान को सही करार दिया। बता दें, बीते दिवस मौसम वैज्ञानिकों ने शनिवार 11 जनवरी को वेस्ट यूपी के जनपद मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, मेरठ, आगरा, बरेली, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज और अयोध्या में बारिश होने की संभावना व्यक्त की थी। अभी रविवार को भी कुछ क्षेत्रों में बारिश की आशंका जताई गई है, जिससे ठंडक बढ़ने और जारी कोहरे के कहर से मुक्ति मिलने की संभावना बढ़ सकती है।

42 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति शव मिला

शाहपुर, 11 जनवरी (बु.)। थाना क्षेत्र में काली नदी के किनारे गांव मंधेड़ा के जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। थाना पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में काली नदी के किनारे गांव मंधेड़ा के जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेने के साथ शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, किंतु शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। थानाध्यक्ष दीपक चौधरी ने बताया कि अज्ञात मृतक व्यक्ति की उम्र करीब 42 वर्ष है तथा